संख्याः-आई/409422/2023

प्रेषक,

डॉ0 रजनीश दुबे,
अपर मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

कुलपति,
उ0प्र0 पं0 दीनदयाल उपाध्यायपशुचिकित्सा
विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो-अनुसंधान
संस्थान, मथुरा।

पशुधन अनुभाग-3 **लखनऊ:: दिनांकः 17 अक्टूबर, 2023**

विषयः मा0 मुख्यमंत्री जी की घोषणा दिनांक 24.02.2018 के क्रम में उ0प्र0 पं0 दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो-अनुसंधान संस्थान, मथुरा में प्रारम्भ किये जाने वाले फैकल्टी ऑफ डेयरी साइंस कोर्स के प्रथम वर्ष के लिए गैर शैक्षणिक पदों के सृजन के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-266/यूपीडीडीवीयू/आर/2023, दिनांक 12.07.2023 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि विश्वविद्यालय में फैकल्टी ऑफ डेयरी सांइस कोर्स के अन्तर्गत अन्डर ग्रेजुएट डेयरी कोर्स के समुचित संचालन हेतु प्रथम वर्ष के लिए निम्न विवरणानुसार कुल 19 शैक्षणिक पदों को सृजित किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

क्र0 सं0	पदनाम/वेतनमान	पदों की संख्या	पद की शैक्षिक अर्हता (भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के मानकों के अनुसार)	भर्ती का स्रोत	वित्त विभाग की संस्तुति
1	अधिष्ठाता/प्रचार्य (144200-218200) (लेवल-14)	1	आई0सी0ए0आर0 के मानक के अनुसार	सीधी भर्ती विश्वविद्यालय अधिनियम के अनुसार	सीधी भर्ती विश्वविद्यालय अधिनियम के अनुसार
2	आचार्य (144200-218200) (लेवल-14) डेरी टैक्नोलॉजी-01 डेरी इंजीनियरिंग-01 डेरी कैमिस्ट्री-01 डेरी माईक्रोबायोलॉजी-01 डेरी बिजनेस मैनेजमेन्ट-01	05	आई0सी0ए0आर0 के मानक के अनुसार	सीधी भर्ती विश्वविद्यालय अधिनियम के अनुसार	सीधी भर्ती विश्वविद्यालय अधिनियम के अनुसार
3	सह-आचार्य (131400-217100) (लेवल-13 A) डेरी टैक्नोलॉजी-01 डेरी इंजीनियरिंग-01 डेरी कैमिस्ट्री-01 डेरी माईक्रोबायोलॉजी-01 डेरी बिजनेस मैनेजमेन्ट-01	05	आई0सी0ए0आर0 के मानक के अनुसार	सीधी भर्ती विश्वविद्यालय अधिनियम के अनुसार	सीधी भर्ती विश्वविद्यालय अधिनियम के अनुसार

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

4	**सहायक-आचार्य (57700-182400) (लेवल-10) डेरी टैक्नोलौजी-01 डेरी इंजीनियरिंग-02 कैमिस्ट्री-01 डेरी माईक्रोबायोलॉजी-01 डेरी बिजनेस मैनेजमेन्ट-02**	**7**	**आई0सी0ए0आर0 के मानक के अनुसार**	**सीधी भर्ती विश्वविद्यालय अधिनियम के अनुसार**	**सीधी भर्ती विश्वविद्यालय अधिनियम के अनुसार**
5	**सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष (57700-182400) (लेवल-10)**	**1**	**आई0सी0ए0आर0 के मानक के अनुसार**	**सीधी भर्ती विश्वविद्यालय अधिनियम के अनुसार**	**सीधी भर्ती विश्वविद्यालय अधिनियम के अनुसार**
कुल शैक्षणिक पद		**19**			

3- उक्तानुसार पद सृजन की स्वीकृति निम्नलिखित प्रतिबन्धों के अधीन हैः-

(3.1) पदों का सृजन न्यूनतम आवश्यकता के आधार पर किया जा रहा है यह संबंधित विश्वविद्यालय के कुलसचिव द्वारा अपने स्तर से पुनः सुनिश्चित कर लिया जायेगा।

(3.2) सृजित किये जा रहे पद आई0सी0ए0आर0 के निर्धारित मानक के अनुसार हैं, यह सुनिश्चित किये जाने का दायित्व संबंधित विश्वविद्यालय के कुलसचिव का होगा।

(3.3) प्रश्नगत पदों का सृजन मथुरा विश्वविद्यालय (दुवासू) के प्रस्ताव के क्रम में किया जा रहा है। इन पदों की आवश्यकता एवं औचित्य का निर्धारण किये जाने का पूर्ण दायित्व संबंधित विश्वविद्यालय के कुलसचिव का होगा।

(3.4) उक्त पदों पर भर्ती एवं चयन की कार्यवाही राज्य सरकार द्वारा निर्धारित चयन प्रक्रिया एवं नियमों के अन्तर्गत की जायेगी।

4- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय पत्र संख्या- E-1-251-X-2023-24, दिनांक 13.10.2023 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,
डॉ0 रजनीश दुबे,
अपर मुख्य सचिव।

<u>संख्या एवं दिनांक उपरोक्तानुसार</u>।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. महालेखाकार लेखा एवं हकदारी (प्रथम)/लेखा अनुभाग, उ0प्र0 प्रयागराज।
2. निदेशक (प्रशासन एवं विकास) पशुपालन विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
3. वित्त अधिकारी, उ0प्र0 पं0 दीन दयाल उपाध्याय पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो अनुसंधान संस्थान, मथुरा।
4. जिलाधिकारी, मथुरा/मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी, मथुरा।
5. वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-1
6. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
विनोद कुमार द्विवेदी,
उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in